**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की वित्त समिति की दिनांक 28.11.2018 को विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में प्रातः 10.00 बजे सम्पन्न हुई 2018/3 (बारहवीं) बैठक की कार्यवृत्त।**

बैठक में उपस्थिति निम्नवत् रही :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 श्री निवास सिंह<br>कुलपति,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अवध किशोर प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, शासन<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 3 | श्री जयराम सिंह प्रतिनिधि प्रमुख सचिव (वित्त)<br>वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश, शासन<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 राम अचल सिंह,<br>पूर्व कुलपति राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय,<br>फैजाबाद। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 यू0सी जायसवाल,<br>कुलसचिव,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,<br>गोरखपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 डी0के0 सिंह<br>अधिष्ठाता संकाय मामले,<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,<br>गोरखपुर | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 7. | प्रो0 डी0के0 द्विवेदी,<br>अधिष्ठाता परास्नातक,अध्ययन एवं शोध एवं बिकास<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,<br>गोरखपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 8. | प्रो0 आर0के0 चौहान,<br>अधिष्ठाता स्नातक, अध्ययन एवं उद्यमिता<br>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,<br>गोरखपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |

प्रो0 एस0के0 श्रीवास्तव, विशेष आमंत्रित सदस्य
अधिष्ठाता नियोजन, श्रोतजनन एवं अल्युमिनायी सम्बन्ध
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

10. प्रो0 ए0एन तिवारी , विशेष आमंत्रित सदस्य
अधिष्ठाता छात्र कल्याण मामले,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

11. श्री अमर सिंह, सदस्य/सचिव
वित्त नियंत्रक,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।

**वित्त समिति की बारहवीं बैठक की कार्यवृत्त निम्नवत् है।**

**12—01 वित्त समिति की दिनांक 08.06.2018 को सम्पन्न हुई ग्यारहवीं बैठक की कार्यवृत्ति पुष्टि का प्रस्ताव।**

समिति को अवगत कराया गया कि वित्त समिति की ग्यारहवीं बैठक की कार्यवृत्त सभी सदस्यो को प्रेषित की गई थी, जिस पर मा0 सदस्यो द्वारा कोई आपत्ति दर्ज नही कराई गई। अतः समिति द्वारा प्रस्तुत विवरण के अवलोकनोपरान्त वित्त समिति की ग्यारहवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**12—02 मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की वित्त समिति की ग्यारहवीं बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति द्वारा वित्त समिति की ग्यारहवीं बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण का अवलोकन करते हुए सहमति व्यक्त की गयी।

**12—03 विश्वविद्यालय का वर्ष 2018—19 का पुनरीक्षित एवं वर्ष 2019—20 का अनुमानित बजट का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विचारोपरान्त विश्वविद्यालय का वर्ष 2018—19 का पुनरीक्षित बजट रु. 4232.17 लाख एवं वर्ष 2019—20 का अनुमानित बजट प्रस्ताव रु. 5275.25 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

—04 **विश्वविद्यालय संस्थान में कार्यरत शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियो को मेडिक्लेम के बीमा प्रीमीयम पर हेतु व्यय की गई धनराशि अधिकतम रु. 10000.00 किये जाने एवं प्रतिपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में वित्त समिति की ग्यारहवीं बैठक में प्राप्त अनुमोदन में आंशिक संशोधन किये जाने का प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 08.06.2018 को सम्पन्न हुई बैठक में निर्णयानुसार विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षको, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मेडिक्लेम फार हेल्थ इन्सोरेन्स हेतु भुगतान की गयी प्रीमियम का अधिकतम रु. 10000.00 की प्रतिपूर्ति किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया था

उक्त स्वीकृति में आंशिक संशोधन करते हुए प्रस्ताव है कि भुगतान की गयी प्रीमीयम कि कुल धनराशि का 50 प्रतिशत अधिकतम रु. 10000.00 अथवा इन दोनो में से जो भी कम होगा उस धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

समिति द्वारा उक्त संशोधित प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

12—05 **विद्युत कण विभाग में विभिन्न प्रयोगशालाओ से सम्बन्धित आवश्यक Software एवं Hardware के कय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा विद्युत कण विभाग में विभिन्न प्रयोगशालाओ से सम्बन्धित आवश्यक Software एवं Hardware के कय किये जाने के प्रस्ताव रु. 192.87 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

12—06 **कम्प्यूटर इंजी0 विभाग के प्रयोगशालाओ में Networking के उच्चीकरण,छात्र छात्राओं को 100.00 अदद् नये कम्प्यूटर कुर्सी, चार अदद् पंखा एवं 09 शिक्षकों के केबिन में ए0सी0 लगाये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा कम्प्यूटर इंजी0 विभाग के प्रयोगशालाओ में Networking के उच्चीकरण,छात्र छात्राओं को 100.00 अदद् नये कम्प्यूटर कुर्सी, चार अदद् पंखा एवं 09 शिक्षकों के केबिन में ए0सी0 लगाये पर रु. 16.00 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

12—07 **केमिकल इंजी0 विभाग हेतु विभिन्न प्रयोगशालाओं से सम्बन्धित उपकरण/फर्नीचर आदि के कय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा केमिकल इंजी0 विभाग हेतु विभिन्न प्रयोगशालाओं से सम्बन्धित उपकरण/फर्नीचर आदि के कय किये जाने पर रु. 35.50 लाख के प्रस्ताव का अवलोकन करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

12–08 **अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक के कार्यालय हेतु प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में प्रवेशित छात्र/छात्राओं की पंजिका रखने हेतु 15 लोहे के रैकों का क्रय एवं 04 अदद् कम्प्यूटर सिंस्टम क्रय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचारोपरान्त 04 अदद् कम्प्यूटर को छोडकर अन्य क्रय के प्रस्ताव पर रु. 0.97 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि टेक्विप मद से प्राप्त होने वाले कम्प्यूटर को अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक कार्यालय को उपलब्ध करा दिया जाय।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

12–09 **वित्त नियंत्रक कार्यालय में पुराने कम्प्यूटर के स्थान पर 07 अदद् नये कम्प्यूटर एवं यू0पी0एस0 क्रय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा प्रस्ताव पर विचारोपरान्त कम्प्यूटर को छोडकर यू0पी0एस0को जेम पोर्टल से क्रय किये जाने का प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि टेक्विप मद से प्राप्त होने वाले कम्प्यूटर को वित्त नियंत्रक कार्यालय को उपलब्ध करा दिया जाय।

12–10 **यान्त्रिक अभियंत्रण विभाग के लैब हेतु उपकरण,फर्नीचर क्रय एवं विभागाध्यक्ष/शिक्षको के केबिन को नये तरीके से बनाये जाने का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा यांत्रिक अभियंत्रण विभाग के लैब हेतु उपकरण,फर्नीचर के क्रय एवं विभागाध्यक्ष/शिक्षकों के केबिन को नये तरीके से बनाये जाने के प्रस्ताव पर रु. 33.25 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

12–11 **प्रयुक्त विज्ञान विभाग में शोध छात्रों के लिए लैब, लैब के उपकरण एवं फर्नीचर आदि के क्रय का प्रस्ताव।**

समिति द्वारा प्रयुक्त विज्ञान विभाग में शोध छात्रों के लैब, लैब के उपरण एवं फर्नीचर आदि के क्रय किये जाने के प्रस्ताव पर रु. 23.59 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

साथ ही समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि टेक्विप मद से प्राप्त होने वाले कम्प्यूटर को प्रयुक्त विज्ञान विभाग कार्यालय को उपलब्ध करा दिया जाय।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

-12 <u>निर्माण एवं रखरखाव अनुभाग द्वारा विभिन्न प्रकार निमार्ण के कार्य कराये जाने का प्रस्ताव।</u>

समिति द्वारा निर्माण एवं रख–रखाव अनुभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अवलोकन किया गया तथा समिति द्वारा निम्नवत निर्णय लिया गया।

1. पम्प हाउस बोरिंग के कार्यहेतु रु. 57.84. लाख के आगणन पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।
2. कम्प्यूटर सांइन्स विभाग के टायलेट के सुन्दरीकरण एवं जीर्णेध्दार के प्रस्ताव का अवलोकन कर यह निर्णय लिया गया कि व्ययभार की धनराशि रु. 10.51 लाख जिस मद में धन उपलब्ध हो तद्नुसार व्यय किया जाय।
3. शैक्षणिक भवनो की आन्तरिक विद्युतकरण एवं सुद्वीकरण के कार्य का प्रस्ताव पर रु. 19.97 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।
4. सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष एवं अन्य शिक्षकों के केबिनं बनाये जाने के प्रस्ताव का अवलोकन कर रु. 5.34 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

उक्त सभी विन्दुओं हेतु व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

12–13 <u>सिविल इंजीनियरिंग विभाग के कन्क्रीट एवं स्टैक्चर लैब में उपकरण एवं हार्डवेयर के क्रय का प्रस्ताव।</u>

समिति द्वारा सिविल इंजीनियरिंग विभाग के कन्क्रीट एवं स्टैक्चर लैंब में उपकरण एवं हार्डवेयर के क्रय किये जाने के प्रस्ताव पर रु. 11.50 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यय का वहन धन की उपलब्धता/आवश्यकता अनुसार किया जायेगा।

<u>पूरक कार्यसूचि</u> : –

12–14 <u>प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत शासकीय सहायता प्राप्त डिग्री स्तरीय अभियन्त्रण संस्थाओं के शिक्षकों के छठे वेतन आयोग की संस्तुतियों के आधार पर निर्धारित में आवास किराया के भुगतान किये जाने का प्रस्ताव।</u>

समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि इस सम्बन्ध में जारी सुसंगत शासनादेश के सापेक्ष नियमानुसार कार्यवाही वित्त नियंत्रक के स्तर से की जाय।

12–15 <u>विश्वविद्यालय के एलुमनाई एसोसिएशन को विश्वविद्यालय मदसे रु. 5.00 लाख सहयोग के रुप में देने का प्रस्ताव।</u>

समिति द्वारा एलुमनाई एसोसिएशन को विश्वविद्याल में एलुमनाई मद से प्राप्त

धनराशि से सहयोग के रुप में रु. 4.00 लाख तक दिये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है।

12–16 **राज्य योजना अन्तर्गत विश्वविद्यालय को निर्माण कार्यो हेतु प्राप्त होने वाले अनुदान हेतु वित्तीय वर्ष 2018–19 में प्राविधानित धनराशि तथा वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु बजट प्रस्ताव के सापेक्ष प्रस्तावित निर्माण कार्यो के प्रस्ताव/आगणन का अनुमोदन।**

समिति द्वारा राज्य योजना अन्तर्गत विश्वविद्यालय को निर्माण कार्यो हेतु प्राप्त होने वाले अनुदान हेतु वित्तीय वर्ष 2018–19 में प्राविधानित धनराशि तथा वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु बजट प्रस्ताव के सापेक्ष प्रस्तावित निर्माण कार्यो के प्रस्ताव/आगणन पर समिति द्वारा सहमति व्यक्त करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

12–17 **राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) के अन्तर्गत द्वितीय किस्त के रुप में प्राप्त रु. 750.00 लाख की परियोजनाओं के लिये प्रतिस्पर्धा के कारण सम्भावित बचत रु. 35.00 लाख से अतिरिक्त लैब के निर्माण कार्य के प्रस्ताव का अनुमोदन।**

समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि रु. 7.50 लाख स्वीकृत धनराशि के अन्र्तगत रु. 35.00 लाख के अतिरिक्त लैब के निर्माण कार्य के प्रस्ताव को(RUSA) को सूचित करते हुए लैब के प्रस्तावित निर्माण के कार्य को कराये जाने हेतु प्रस्ताव की स्वीकृति की गयी।

बैठक अन्त में, अध्यक्ष महोदय को धन्यबाद सहित समाप्त हुई।

28.11.18
(अमर सिंह)
वित्त नियंत्रक
सदस्य/सचिव

अनुमोदित

28.11.18
(प्रो0 श्रीनिवास सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष